चरित्र निर्माण से ही व्यक्ति निर्माण और राष्ट्र निर्माण सम्भव- कैप्टन रामेश्वर सिंह ठाकुर.

दैनिक आवाज
जनादेश/सुन्नी

राजकीय महाविद्यालय धामी, सोलह मील में कैरियर काउंसलिंग सेल द्वारा बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस लेक्चर सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। इस व्याख्यानमाला का शुभारंभ कैप्टन रामेश्वर सिंह ठाकुर, चेयरमैन, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने मुख्य अतिथि का औपचारिक स्वागत करते हुए उन्हें महाविद्यालय के विजन, नीतियों तथा विगत एक दशक की प्रमुख उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस लेक्चर सीरीज के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा रोजगार की संभावनाओं के संबंध में विषय-विशेषज्ञों द्वारा व्यक्तित्व निर्माण, चरित्र निर्माण, और साक्षात्कार के लिए क्षमता निर्माण आदि विषयों पर विस्तृत एवं व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। अपने उद्घाटन संबोधन में मुख्यातिथि रामेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि सूचना-विस्फोट के इस युग में करियर के सही विकल्प का चयन

विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण, अनुशासित दिनचर्या, प्रभावी समय प्रबंधन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सतत एवं योजनाबद्ध परिश्रम करने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप करियर चुनने तथा बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप आवश्यक कौशल विकसित करने का सुझाव दिया। करिअर के चुनाव में उन्होंने छह गोल्डन रूल्ज पर बल दिया, जिनमें रुचि और स्व-क्षमता संज्ञान को महत्वपूर्ण बताया. उन्होंने यह भी कहा कि एक सभ्य समाज और उन्नत राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को सबसे पहले एक बेहतर मनुष्य बनने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर कैप्टन रामेश्वर सिंह ठाकुर ने महाविद्यालय के ई-न्यूज़लेटर कैंपस इकोज के प्रथम अंक का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान वाणिज्य संकाय के भरत तथा मानविकी संकाय के साहिल कश्यप ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न करियर विकल्पों, तैयारी की रणनीतियों एवं रोजगार संभावनाओं पर उपयोगी एवं सारगर्भित जानकारी प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके करियर चयन में उचित दिशा प्रदान करना तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए जागरूक, सक्षम और आत्मविश्वासी बनाना है।